पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को राजभवन में श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 30 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शहीद दिवस के अवसर पर आज राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि महात्मा गांधी का दर्शन सत्य और अहिंसा पर आधारित है। हिंसा का समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के दिखाये रास्ते पर हम चलें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रद्धांजलि सभा में राजभवन परिवार के बच्चों ने बापू के प्रिय भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर पूज्य गांधी जी को अपनी श्रद्धांजलि दी।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (134/31)